नेशनल लोक अदालत संपन्न

आष्टा। न्यायालय परिसर आष्टा में राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के आदेशानुसार शनिवार को नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ तहसील विधिक सेवा समिति अध्यक्ष एवं जिला न्यायाधीश विजय डांगी सहित न्यायाधीशों, बैंक अधिकारियों, विद्युत वितरण कंपनी के अधिकारियों, अधिवक्ता संघ अध्यक्ष एवं अधिवक्ताओं ने मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित एवं माल्यार्पण कर किया। लोक अदालत में विभिन्न न्यायालयों में लंबित प्रकरणों के साथ प्री-लिटिगेशन प्रकरणों का आपसी राजीनामे के आधार पर निराकरण किया गया। बैंक, विद्युत, संपत्तिकर एवं जलकर सहित विभिन्न मामलों में पक्षकारों को राहत मिली।

87 लोगों के लिए मेगा स्वास्थ्य परीक्षण शिविर

नेशनल लोक अदालत के दौरान न्यायिक प्रणाली से जुड़े कर्मचारी, अधिवक्ता एवं अन्य हितधारकों के स्वास्थ्य एवं समग्र कल्याण के लिए मेगा स्वास्थ्य परीक्षण शिविर भी लगाया गया। मेडिकल टीम ने पंजीयन, आवश्यक जांच, रक्त नमूना संग्रहण एवं आभा आईडी बनाने की प्रक्रिया पूरी की। जिला न्यायाधीश विजय डांगी ने सबसे पहले रक्त नमूना देकर शिविर की शुरुआत की। शिविर में कुल 87 सैंपल लिए गए। स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का अगला चरण 19 सितंबर को सुबह 11 बजे अधिवक्ता संघ कक्ष में आयोजित किया जाएगा।

लोक अदालत में हुआ प्रकरणों का निराकरण

जिला न्यायाधीश विजय डांगी के न्यायालय में निराकरण के लिए रखे गए 96 प्रकरणों में से 17 का निराकरण हुआ, जिससे 76.50 लाख रुपए का लाभ प्राप्त हुआ। न्यायाधीश महेश कुमार चौहान के न्यायालय में विद्युत प्री-लिटिगेशन के 236 प्रकरण रखे गए, जिनमें राजीनामे के आधार पर सभी 236 प्रकरणों का

निराकरण हुआ। इससे 20.46 लाख रुपए का लाभ हुआ। न्यायाधीश प्रीति अग्रवाल के न्यायालय में संपत्तिकर एवं जलकर के 105 प्री-लिटिगेशन प्रकरणों का निराकरण हुआ, जिसमें 4.17 लाख रुपए जमा कराए गए। वहीं न्यायालय के 65 प्रकरणों में से 43 का निराकरण हुआ और 12.65 लाख रुपए का लाभ प्राप्त हुआ। न्यायाधीश मीनाक्षी रावत के न्यायालय में बैंक के चारों प्री-लिटिगेशन प्रकरणों का निराकरण हुआ तथा 5.70 लाख रुपए जमा कराए गए। न्यायालय के 28 प्रकरणों का भी निराकरण हुआ, जिससे 69.38 लाख रुपए का लाभ हुआ। न्यायाधीश नेहा तोमर सिंह के न्यायालय में 53 प्रकरणों में से 34 का निराकरण हुआ और 40.40 लाख रुपए का लाभ प्राप्त हुआ।

नगर परिषद में 110 प्रकरणों का निराकरण करीब 1.91 लाख रुपए की वसूली

बनखेड़ी। शासन के निर्देशानुसार शनिवार को नगर परिषद बनखेड़ी कार्यालय में नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया गया। इसमें संपत्ति कर, जलकर तथा दुकान किराया प्रीमियम से संबंधित बकाया प्रकरणों का निराकरण करते हुए बकाया राशि की वसूली की गई। लोक अदालत में संपत्ति कर के 69

प्रकरण, जलकर के 32 प्रकरण तथा दुकान किराया/प्रीमियम से संबंधित 9 बकायादारों के कुल 110 प्रकरणों का निराकरण किया गया। इन प्रकरणों में कुल 1,90,920 रुपये की राशि वसूल की गई। लोक अदालत के दौरान नगर परिषद के मुख्य नगर पालिका अधिकारी निशांत श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में राजस्व शाखा प्रभारी अरविंद कुमार सराठे, वसूली प्रभारी वीरेंद्र पाटकर, राजेश उरहा, शेख इस्लाम, रोशन सूर्यवंशी, सुमित विश्वकर्मा, दीपक ठाकुर, दीपक रघुवंशी, भगवान सिंह पटेल, रुपेश पटवा, पंकज बाथरे, अनुज पठारिया सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

प्रधान जिला न्यायाधीश के निर्देशन में लगा शिविर

शिवपुरी। नेशनल लोक अदालत के अवसर पर उल्लास एक अभिनव प्रयोग कार्यक्रम के अंतर्गत शनिवार को जिला न्यायालय परिसर शिवपुरी में स्वास्थ्य परीक्षण शिविर एवं रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री राजेन्द्र प्रसाद सोनी के निर्देशन में आयोजित हुआ, जिसका मुख्य उद्देश्य न्यायिक सेवा से जुड़े अधिकारियों, कर्मचारियों एवं अधिवक्ताओं के स्वास्थ्य की निरंतर देखभाल करना है।

न्यायाधीश ने फीता काटकर किया शिविर का शुभारंभ

आयोजित शिविर का औपचारिक शुभारंभ प्रधान जिला न्यायाधीश श्री राजेन्द्र प्रसाद सोनी द्वारा फीता काटकर किया गया। शिविर के दौरान जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव श्रीमती रंजना चतुर्वेदी तथा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संजय ऋषिश्वर की अगवानी में डॉक्टरों की विशेषज्ञ टीम द्वारा उपस्थित न्यायिक अधिकारियों, न्यायालयीन कर्मचारियों तथा अधिवक्ताओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया एवं आवश्यकतानुसार उन्हें निरूशुल्क दवाइयों का वितरण किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रधान जिला न्यायाधीश श्री राजेन्द्र प्रसाद सोनी ने कहा कि लोक अदालत नागरिकों के लंबित मामलों के निराकरण का सशक्त माध्यम बन रही है, इसलिए अब नागरिक चेक बाउंस, मोटर एक्सीडेंट, बिजली विभाग और फैमिली कोर्ट के मामलों के निराकरण के लिए लोक अदालत का इंतजार करते हैं। इससे दोनों पक्षों के बीच मनमुटाव समाप्त होता है और किसी की हार या जीत नहीं होती। उन्होंने आगे कहा कि न्यायालयीन कार्यों में व्यस्तता के कारण स्वास्थ्य की ओर ध्यान देना कठिन हो जाता है। इसी को ध्यान में रखते हुए उच्च न्यायालय के आदेशानुसार कर्मचारियों एवं अधिवक्ताओं के ब्लड सैंपल लेकर आज विशेषज्ञ डॉक्टरों की देख-रेख में जांच व परामर्श की व्यवस्था की गई। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य ही जीवन की सबसे बड़ी पूँजी है, स्वस्थ रहकर ही हम अपना कार्य मन लगाकर कर सकते हैं।

वरिष्ठ अधिकारी, चिकित्सक और अधिवक्ता रहे उपस्थित

इस अवसर पर जिला न्यायालय के समस्त न्यायिक अधिकारीगण, अभिभाषक संघ (अधिवक्ता संघ) के अध्यक्ष श्री विजय तिवारी, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संजय ऋषिश्वर, चिकित्सकों की टीम तथा बड़ी संख्या में अधिवक्ता और न्यायालयीन कर्मचारी उपस्थित रहे। प्रधान जिला न्यायाधीश ने चिकित्सा व्यवस्थाओं के लिए सीएमएचओ और डॉक्टरों की टीम का आभार व्यक्त किया।

विभिन्न विभागों के स्टॉल से हुआ प्रकरणों का समाधान

नेशनल लोक अदालत में विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाए गए, जहाँ आमजन और पक्षकारों की समस्याओं का त्वरित समाधान करते हुए बड़ी संख्या में लंबित प्रकरणों का सौहार्दपूर्ण वातावरण में निराकरण किया गया।

सच संक्षेप

पुलिस अधिकारियों का किया सम्मान

मंडीदीप। मंडीदीप थाने में पदस्थ उपनिरीक्षक अमर सिंह निगम एवं पदमा वरकड़े को पदोन्नति मिलने पर करणी सेना परिवार टीम जीवन सिंह शेरपुर द्वारा मंडीदीप थाना परिसर पहुंचकर सम्मान किया गया।इस दौरान टीम के सदस्यों ने दोनों पुलिस अधिकारियों को पुष्पमाला, शाल, श्रीफल एवं गुलदस्ता भेंट कर पदोन्नति की शुभकामनाएं दीं और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। करणी सेना परिवार टीम जीवन सिंह शेरपुर, भोजपुर विधानसभा के मीडिया प्रभारी सचिन राजपूत ने बताया कि दोनों पुलिस अधिकारियों ने मंडीदीप में अपने कार्यकाल के दौरान बेहतर कार्य किया है। उनकी पदोन्नति पर टीम द्वारा सम्मान समारोह आयोजित कर शुभकामनाएं दी गईं।

इस अवसर पर जिला रायसेन सह-सचिव करन राजपूत, सम्राट अंकित कुशवाहा नगर अध्यक्ष राजेंद्र राजपूत, महेंद्र राजपूत, पप्पू ठाकुर, संतोष परमार एवं संतोष पाल सहित करणी सेना परिवार के सदस्य मौजूद रहे।

स्वास्थ्य शिविर आज

मंडीदीप। शहर के वार्ड क्रमांक 01, सेठ फूलचंद नगर स्थित मृत्युंजय मल्टीस्पेशलिटी अस्पताल द्वारा रविवार, 13 सितंबर को नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिविर दोपहर 12 बजे से6 शाम 5 बजे तक आयोजित होगा।

अस्पताल प्रबंधन के अनुसार, शिविर में विभिन्न रोगों के विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा मरीजों को नि:शुल्क स्वास्थ्य परामर्श की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। शिविर में स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. ज्योति शलभ तिवारी, सर्जरी विशेषज्ञ डॉ. अशोक कुमार राठौर, फिजिशियन डॉ. एम. एच. राईन एमडी तथा हड्डी एवं जोड़ रोग विशेषज्ञ एवं ऑर्थोपेडिक सर्जन डॉ. अनुज निगम मरीजों को परामर्श देंगे। हड्डी एवं जोड़ रोग विशेषज्ञ द्वारा जोड़ों के दर्द, घुटना प्रत्यारोपण, फ्रैक्चर, कमर दर्द, गठिया एवं स्पोर्ट्स इंजरी जैसी समस्याओं से संबंधित परामर्श प्रदान किया जाएगा।

अस्पताल प्रबंधन ने नागरिकों से अपील की है कि वे इस नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का लाभ उठाएं और समय पर पहुंचकर विशेषज्ञ चिकित्सकों से स्वास्थ्य संबंधी परामर्श प्राप्त करें।

शांति समिति की बैठक

मंडीदीप। बैठक में सभी समुदायों से आगामी त्योहारों को पारंपरिक सद्भाव, प्रेम और आपसी भाईचारे के साथ मनाने की अपील की गई। त्योहारों एवं जुलूसों के दौरान डीजे की ध्वनि तीव्रता निर्धारित मानकों के अनुरूप रखने के निर्देश दिए गए। नगर पालिका प्रशासन को त्योहारों के मद्देनजर शहर की सड़कों, चौक-चौराहों एवं धार्मिक स्थलों के आसपास विशेष साफ-सफाई और पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

पुलिस प्रशासन ने भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में अतिरिक्त बल तैनात करने और असामाजिक तत्वों पर नजर रखने की बात कही। बैठक में गौहरगंज तहसीलदार हेमंत शर्मा, नगर पालिका अध्यक्ष प्रियंका राजेंद्र अग्रवाल, सीएमओ सुधीर उपाध्याय, मंडीदीप थाना प्रभारी रंजीत सराठे एवं सतलापुर थाना प्रभारी विजय त्रिपाठी सहित विभिन्न धार्मिक एवं सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

रक्तदान शिविर आयोजित

शिवपुरी। शिवपुरी पब्लिक स्कूल में आज कक्षा 11वीं और 12वीं के विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य तथा सही करियर चयन को लेकर एक विशाल करियर काउंसलिंग सत्र का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में देश के कई नामचीन और प्रतिष्ठित विश्वविद्यालयों के प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया और विद्यार्थियों को भविष्य की राह दिखाई।

काउंसलिंग सेशन में अवंतिका यूनिवर्सिटी, देहरादून की ग्राफिक एरा यूनिवर्सिटी, डीआईटी यूनिवर्सिटी (DIT), बेनेट यूनिवर्सिटी, प्रेस्टीज यूनिवर्सिटी, विक्रान्त यूनिवर्सिटी, बनारस हिंदू यूनिवर्सिटी (BHU), एमिटी यूनिवर्सिटी और लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी (LPU) सहित कई प्रमुख संस्थानों के प्रतिनिधि शामिल हुए। एक्सपर्ट्स ने 11वीं और 12वीं के विद्यार्थियों को उनकी रुचि, क्षमता और भविष्य की संभावनाओं के अनुसार उच्च शिक्षा एवं करियर के विभिन्न विकल्पों की विस्तृत जानकारी दी।

कार्यक्रम के दौरान यूनिवर्सिटीज के प्रतिनिधियों ने विद्यार्थियों से व्यक्तिगत रूप से संवाद किया और उनकी जिज्ञासाओं व प्रश्नों का समाधान किया। उन्होंने पारंपरिक डिग्री कोर्सेस के अलावा modern career options—जैसे डेटा साइंस, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (AI), बिजनेस मैनेजमेंट, डिज़ाइन और अन्य वोकेशनल स्ट्रीम्स पर प्रकाश डाला। इस काउंसलिंग सत्र से विद्यार्थियों को यह स्पष्टता मिली कि 12वीं के बाद वे किस क्षेत्र का चयन करें और आगे किस दिशा में बढ़ें। स्कूल प्रबंधन और अभिभावकों ने इस महत्वपूर्ण आयोजन की प्रशंसा की।

आज सजेगा अज़ीमुश्शान जलसा

शाजापुर। नगर की ऐतिहासिक सरज़मी पर अंजुमन कमेटी और सीरत कमेटी के तत्वावधान में एक अज़ीमुश्शान जलसे का आयोजन किया जा रहा है। यह जलसा 13 सितंबर रविवार को शाम 7 बजे से स्थानीय ईदगाह मस्जिद परिसर में शुरू होगा। जलसे की सबसे बड़ी ख़ासियत यह है कि इसमें मेहमान-ए-ख़ुसूसी के तौर पर देश के मशहूर आलिम-ए-दीन और शाही इमाम पंजाब जनाब हज़रत मौलाना उस्मान रेहमानी साहब लुधियानवी तशरीफ़ ला रहे हैं। मौलाना लुधियानवी अपने पुरअसर बयानों और इत्तेहाद-ओ-मोहब्बत के पैगाम के लिए पूरे मुल्क में जाने जाते हैं। शाजापुर में उनके पहली बार आगमन को लेकर अवाम में जबरदस्त उत्साह देखा जा रहा है। अंजुमन कमेटी व सीरत कमेटी के सदर हाजी नईम कुरैशी ने बताया कि जलसे को भव्य बनाने के लिए सभी इंतज़ामात अंतिम चरण में हैं। ईदगाह मस्जिद मैदान पर ज़ायरीन और अकीदतमंदों के बैठने, वुज़ू, रोशनी, पार्किंग और साउंड सिस्टम की पुख्ता व्यवस्था की गई है।

लिपिकों ने दो सूत्रीय मांगों को लेकर किया प्रदर्शन

शाजापुर। लिपिक वर्ग के कर्मचारियों ने अपनी दो सूत्रीय मांगों को लेकर शनिवार को प्रदर्शन किया। मध्य प्रदेश लिपिक वर्गीय शासकीय कर्मचारी संघ के प्रांताध्यक्ष मुकेश चतुर्वेदी के कहने पर प्रदेश के 55 जिलों में लिपिक अलग-अलग चरणों में आंदोलन कर रहे हैं।

इसी क्रम में शनिवार को शाजापुर जिला इकाई ने विधायक अरुण भीमावद को मुख्यमंत्री और मुख्य सचिव के नाम ज्ञापन सौंपा। संघ के जिलाध्यक्ष जितेंद्रसिंह राजपूत ने बताया कि लिपिकों की मुख्य मांगों में मैदानी लिपिकों को मंत्रालय के लिपिकों के बराबर समयमान वेतनमान और ग्रेड-पे देना शामिल है। इसके अलावा अनुकंपा नियुक्ति पाने वाले लिपिकों को सीपीसीटी की अनिवार्यता से छूट देने की भी मांग की गई है। राजपूत ने बताया कि मुख्यमंत्री ने सीपीसीटी को आसान बनाने के लिए दो बार खुले मंच से घोषणाएं की हैं। लेकिन अभी तक सरकार की तरफ से कोई आधिकारिक आदेश जारी नहीं हुआ है। इससे लिपिक वर्ग में नाराजगी है।



ओएसडी गोहल की माँ के निधन पर बनखेड़ी पहुंचे उपमुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ला

बनखेड़ी। मध्यप्रदेश के उपमुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ला शनिवार शाम बनखेड़ी पहुंचे। यहां उन्होंने डिप्टी कलेक्टर एवं अपने ओएसडी चंद्रप्रताप गोहल की माताजी सुमन गोहल के निधन पर उनके निवास पहुंचकर श्रद्धांजलि अर्पित की। उपमुख्यमंत्री शुक्ला ने दिवंगत सुमन गोहल के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी तथा शोकाकुल परिवार से मुलाकात कर अपनी संवेदनाएं व्यक्त कीं। उन्होंने परिवार को इस दुख की घड़ी में ढांढस बंधाते हुए दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। साथ ही परिवार को हर परिस्थिति में साथ खड़े रहने का भरोसा दिलाया। इस दौरान राज्य महिला आयोग की सदस्य एवं पूर्व विधायक साधना स्थापक सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि और गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

लव-कुश प्रकटोत्सव पर निकली शोभायात्रा

सिलवानी। कुशवाहा समाज संघ सिलवानी के द्वारा शनिवार को समाज के आराध्य भगवान श्री लव.कुश के प्रकटोत्सव के अवसर पर नगर में विराट शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में समाजजनों के साथ बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए और भगवान श्री लव.कुश के जयकारों से नगर का माहौल भक्तिमय हो गया।

शोभायात्रा का शुभारंभ शिव मंदिर गांधी आश्रम से किया गया। आकर्षक साज-सज्जा के साथ भगवान श्री लव.कुश जी की झांकी तैयार की गई थी। सुंदर रथ पर सजी झांकी श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र रही। ढोल.नगाड़ों और धार्मिक धुनों के बीच समाजजन उत्साह के साथ शोभायात्रा में शामिल हुए। युवाओं और बच्चों में आयोजन को लेकर खासा उत्साह दिखाई दिया।

शोभायात्रा शिव मंदिर से प्रारंभ होकर गांधी चौक, बजरंग चौराहा सहित नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए वर-वधू गार्डन पहुंची। रास्ते में विभिन्न संगठनों द्वारा बनाए गए मंच से समाजजनों और नागरिकों ने शोभायात्रा का भव्य स्वागत किया। श्रद्धालुओं ने

झांकी के दर्शन कर पुष्पमालाएं अर्पित कीं और पूजा.अर्चना की। कई स्थानों पर फूलों की वर्षा कर स्वागत किया गया। श्रीराम बजरंग व्यायामशाला के सदस्यों ने मार्ग में कसरती करतबों का प्रदर्शन कर सभी का मन मोह लिया।

शोभायात्रा में भगवान श्री लव.कुश के जीवन और उनके शौर्य से जुड़े प्रसंगों को दर्शाती आकर्षक झांकियां भी शामिल रहीं। पूरे मार्ग में उत्सव जैसा माहौल रहा। जगह-जगह स्वागत द्वार सजाए गए थे। वर-वधू गार्डन पहुंचने पर शोभायात्रा का समापन हुआ, जहां भगवान की पूजा-अर्चना की गई। वक्ताओं ने समाज की एकजुटता, बच्चों को संस्कार देने और महापुरुषों के जीवन से प्रेरणा लेने का आह्वान किया। शोभायात्रा के दौरान हल्की बारिश भी हुई, लेकिन भक्तों का उत्साह कम नहीं हुआ। समाज की महिलाएं, पुरुष, युवा और बच्चों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की।

विधायक ने ली नोडल अधिकारियों की बैठक

आष्टा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्म दिवस के अवसर पर 17 सितम्बर से 17 अक्टूबर 2026 तक आयोजित होने वाले सेवा संकल्प अभियान की तैयारियों के संबंध में आज विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने स्थानीय विश्रामगृह पर सभी विभाग प्रमुखों की बैठक ली । बैठक में विधायक इंजीनियर ने आयोजित होने वाले कार्यक्रमो के नोडल अधिकारी एवं संबंधित अधिकारियों को अभियान की सभी तैयारियां समय पूर्व पूर्ण करने तथा विभिन्न गतिविधियों की कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अभियान में जनप्रतिनिधियों के साथ ही अधिक से अधिक

नागरिकों की सहभागिता सुनिश्चित की जाए, ताकि सेवा संकल्प अभियान को जन आंदोलन का स्वरूप दिया जा सके । प्रधानमंत्री जी के जन्मदिन 17 सितम्बर से 17 अक्टूबर तक आयोजित होने वाली विभिन्न गतिविधियों की विस्तार से जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि अभियान के दौरान सेवा, स्वच्छता, सामाजिक सहभागिता, हितग्राही कल्याण, युवा नवाचार एवं नागरिक दायित्व से जुड़ी गतिविधियां आयोजित की जाएंगी।

किरण फाउंडेशन का 16वां रक्तदान शिविर आज

शिवपुरी। जरूरतमंद के लिए रक्त की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए समाजसेवी संस्था किरण फाउंडेशन शिवपुरी के तत्वावधान में संस्था का 16वां रक्तदान शिविर आज 13 सितंबर 2026, रविवार को आयोजित किया जाएगा। शिविर का आयोजन स्थानीय मधुरम स्वीट्स एंड होटल, पंचायती बगीचा के सामने, ए.बी. रोड, शिवपुरी पर सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक किया जाएगा। किरण फाउंडेशन द्वारा नागरिकों से रक्तदान शिविर में पहुंचकर रक्तदान करने और जरूरतमंदों के जीवन को बचाने में सहयोग करने की अपील की गई है।

भगवान महावीर का जन्म वाचन महोत्सव

शाजापुर। ओसवालसेरी स्थित जैन उपाश्रय में आयोजित पर्वाधिराज पर्युषण महापर्व के अंतर्गत पांचवे दिवस शनिवार को कल्प सूत्र वाचनकर्ता सौरभ नारेलिया द्वारा धर्मसभा में उपस्थित समाजजनों के समक्ष भगवान महावीर के जन्म प्रसंग का भावपूर्ण वर्णन किया गया। गौरतलब है कि जैन समाज के मुख्य पर्युषण पर्व के पांचवे दिवस समाजजनों द्वारा भगवान महावीरस्वामी का जन्मवाचन महोत्सव मनाया जाता है। इस वर्ष भी उक्त आयोजन को सैकड़ों समाजजनों की उपस्थिति में धूमधाम से मनाया गया। जैसे ही प्रभु का जन्मवाचन सम्पन्न हुआ पूरा नगर भगवान महावीर जी के गगनभेदी जयकारों से गूंजायमान हो गया। इसके पूर्व धर्मसभा स्थल पर समाजजनों द्वारा भगवान महावीर के जन्म की पूर्व रात्रि में माता त्रिशलादेवी द्वारा स्वप्न में देखे गए चौदह स्वप्नों की बोली लगाई गई। जिसके अंत में भगवान के पालनाजी की बोली लगाई गई, जिसका लाभ पुलकित कुमार - दिनेश कुमार नाहर परिवार द्वारा लिया गया। इसके पश्चात मालवरत्न पपू जैनाचार्य श्रीमद्विजय श्रीवीररत्न सुरीश्वरजी म.सा. की प्रेरणा से नगर में नवनिर्मित चौबीस जिनालययुक्त भव्य जैन मंदिर से प्रारंभ हुआ जैन समाज का विशाल चलसमारोह बैंड-बाजे सहित नगर के विभिन्न प्रमुख मार्गों कसेरा बाजार, आजाद चौक, सोमवारिया बाजार, कंस चौराहा, नागनागनी रोड़, टॉकीज चौराहा तथा नई सड़क आदि स्थानों से होता हुआ पुन: जैन मंदिर पहुंचा जहां भगवान की आरती के साथ आयोजन का समापन हुआ।

सुपोषण अभियान के अंतर्गत पोषित थाली कार्यक्रम आयोजित

शिवपुरी। कमलागंज सिलाई एवं मेहंदी प्रशिक्षण केंद्र में सुपोषण अभियान के अंतर्गत पोषित थाली तैयार करने का कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में सभी बच्चियों ने बढ़-चढ़कर उत्साहपूर्वक सहभागिता की। बच्चियों ने विभिन्न प्रकार के पौष्टिक व्यंजन तैयार किए तथा उनमें उपस्थित पोषक तत्वों एवं उनके स्वास्थ्य लाभों के बारे में जानकारी दी।

इस अवसर पर बच्चियों द्वारा तैयार की गई पोषित थालियों का अवलोकन किया गया, जिसमें उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली तीन बच्चियों का प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार के लिए चयन किया गया। कार्यक्रम के अंत में सभी बच्चियों ने मिलकर पौष्टिक एवं संतुलित भोजन का आनंद लिया।

कभी बारिश ने बढ़ाई परेशानी, कभी धूप से छूटे पसीने

शाजापुर। नगर में शनिवार के दिन मौसम के अलग-अलग रूप देखने को मिले। कभी तेज धूप खिली तो कभी आसमान पर छाए घने बादलों से तेज बारिश हुई। ऐसा दिन में दो से चार बार हुआ। जिससे लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। मौसम विभाग की माने तो आने वाले दो तीन दिन मौसम ऐसा ही बना रहेगा।

सुबह जब लोगों की नींद खुली तो उनका सामना तेज धूप से हुआ। लेकिन कुछ देर बाद ही मौसम बदल गया और आसमान पर काले बादल छा गए और बारिश शुरू हो गई जो करीब 10 मीनिट तक जारी रही। उम्मीद थी कि दिनभर बारिश होगी लेकिन कुछ देर बाद ही मौसम साफ हो गया और धूप खिल उठी। लेकिन दोपहर में फिर मौसम के यही हाल हो गए और कभी बारिश तो कभी धूप खिलने से मौसम के मिजाज समझ से परे रहे। इस दिन अधिकतम तापमान भी बढ़कर 30 डिग्री से अधिक दर्ज किया गया लेकिन बारिश होने से मौसम में ठंडक भी घुल गई।

शाम को फिर हुई झमाझम बारिश, इधर-उधर भागे लोग शाम करीब 5 बजे भी तेज धूप खिली हुई थी और बारिश की उम्मीद नहीं थी। जिसके चलते लोग बिन छाते के घर से निकल पड़े, लेकिन कुछ देर बाद ही आसमान काले बादलों से ढंक गए और देखते ही देखते बारिश शुरू हो गई।